डाक गति द्वारा

No. १४०३९/०५/२०१४- यू. टी. एस-II

गृह मंत्रालय, भारत सरकार

*****

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली – ११० ००१.

दिनांक २८ जनवरी, २०१४.

विषय : श्री प्रवीण जैन द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, २००५ की धारा ६ (३) के अंतर्गत मांगी गई सूचना।

उक्त विषय पर श्री प्रवीण जैन पता ए- १०३, आदीश्वर सोसाइटी, क्षेत्र ९ ए, वाशी, नवी मुंबई - ४०० ७०३ द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक ०४.११.२०१३ जो कि यू. टी. एस-II विभाग में ०९.०१.२०१४ को गृह मंत्रालय की सी. एस. विभाग के माध्यम से प्राप्त हुई है। प्रेषक को सूचित किया जाता है कि यू. टी. एस-I एवं यू. टी. एस-II अनुभागों में उपलब्ध सूचना के आधार पर अप्रैल से जून तथा जुलाई से सितम्बर २०१३ को समाप्त तिमाही की त्रैमासिक रिपोर्ट संलगित हैं।

2. प्रथम अपील प्राधिकारी का नाम एवं पता निम्नलिखित है:

श्री आई. एस. चहल,<br>
संयुक्त सचिव (यू. टी.),<br>
गृह मंत्रालय, भारत सरकार<br>
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली – ११० ००१.

अनुज शर्मा

(अनुज शर्मा)<br>
निदेशक एवं लोक प्राधिकारी<br>
दू. स. २३०९ २४३६

श्री प्रवीण जैन<br>
ए- १०३,<br>
आदीश्वर सोसाइटी,<br>
क्षेत्र ९ ए, वाशी,<br>
नवी मुंबई - ४०० ७०३

प्रतिलिपि जानकारी हेतु:

श्री रजनीश क्वातरा, अवर सचिव(पी. आर.), गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली - ११० ००१.

अनुज शर्मा

(अनुज शर्मा)<br>
निदेशक एवं लोक प्राधिकारी<br>
दू. स. २३०९ २४३६

Issued with Enclosure<br>
Date...............<br>
Sign......27.01.14

## हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट

अनुभाग का नाम यू.टी. एस. II, डेस्क, जून - सितम्बर, 2012 को समाप्त तिमाही

1. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागजात* की स्थिति

(क) जारी कागजात की कुल संख्या ...... 06

(ख) इनमें से केवल अंग्रेजी में जारी किये गये कागजात ...... -- शून्य

* इनमें सामान्य आदेश, ज्ञापन, संकल्प, अधिसूचनाएं, नियम, करार, संविदा, टेंडर नोटिस, संसदीय प्रश्न, आदि शामिल हैं।

2. हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (राजभाषा नियम - 5)

(क) अनुभागों/डेस्कों में कार्यालय पद्धति मैनुअल के अध्याय 4, पैरा (21) के अनुसार निर्धारित डायरी रजिस्टर के अनुसार हिंदी में प्राप्त कुल पत्र ...... 09

(ख) इनमें से कितनों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए ...... शून्य

3. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाने की स्थिति (केवल 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए)

| | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या | इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए |
|---|---|---|
| | 1 | 2 |
| 'क' क्षेत्र से | 592 | 11 |
| 'ख' क्षेत्र से | 21 | - |

4. भेजे गये कुल पत्रों का ब्यौरा :

| | हिंदी/द्विभाषी में | केवल अंग्रेजी में | भेजे गए पत्रों की कुल संख्या | हिंदी/द्विभाषी में भेजे गए पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 'क' क्षेत्र को | 12 | 27 | 39 | |
| 'ख' क्षेत्र को | 5 | 6 | 11 | |
| 'ग' क्षेत्र को | 9 | 11 | 20 | |

5. फाइलों पर हिंदी में कार्य

(क) तिमाही के दौरान लिखी गई टिप्पणियों की संख्या ...... 99

(ख) हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या ...... 12

(ग) अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या ...... 87

6. अनुभाग बैठकों की संख्या

जिनकी कार्यवाहियां हिंदी/अंग्रेजी/द्विभाषी भाषा में ...... -

अवर सचिव/अनुभाग अधिकारी के हस्ताक्षर ......

(व्योमेश पन्त)
(VYOMESH PANT)

अधिकारी का नाम ...... अनुभाग अधिकारी

पदनाम ...... Section Officer
गृह मंत्रालय/MHA

फोन नम्बर ...... 23094301

हिन्दी अनुभाग
गृह मंत्रालय
नार्थ ब्लॉक
नई दिल्ली।

गृ. हि. प्रभा 1 (9)

हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट

जून - सितम्बर 2013 को समाप्त तिमाही

कार्यालय का नाम गृ. हि. प्रभा 1

1. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागजात का विवरण

(क) जारी कागजात की कुल संख्या 290
(ख) इनमें से केवल अंग्रेजी में जारी किए गए कागजात 180

* इनमें सामान्य आदेश, ज्ञापन, संकल्प, अधिसूचना, नियम, करार, संविदा, टेंडर नोटिस, संसदीय प्रश्न आदि शामिल हैं।

2. हिंदी में प्राप्त पत्र (राजभाषा नियम 5)

(क) ... राजभाषा नियम 5 के अंतर्गत
... हिंदी में प्राप्त पत्र
(ख) इनमें से कितनों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए

3. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिए जाने की स्थिति (क/ख/ग क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए)

| | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या | इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए |
|---|---|---|
| | 1 | 2 |
| क क्षेत्र से | 50 | |
| ख क्षेत्र से | 20 | |

4. भेजे गए कुल पत्रों का ब्यौरा :

| | हिंदी/द्विभाषी में | केवल अंग्रेजी में | भेजे गए पत्रों की कुल संख्या | हिंदी/द्विभाषी में भेजे गए पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| क क्षेत्र को | 5 | 4 | | |
| ख क्षेत्र को | 3 | 2 | | |
| ग क्षेत्र को | 180 | 56 | | |

5. फाइलों पर हिंदी में कार्य

(क) फाइलों पर लिखी गई कुल टिप्पणियों की संख्या 14
(ख) हिंदी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या 4
(ग) अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या 10

6. आयोजित बैठकों का ब्यौरा अनुभाग अधिकारी एवं इससे ऊपर के अधिकारियों के लिए

इनमें ... हिंदी में ...

प्रशासनिक/कार्यालय अधिकारी के हस्ताक्षर (हस्ताक्षर) 6/12/13

अधिकारी का नाम पी. के. शशी कुमार
पदनाम अनुभाग अधिकारी
फोन नम्बर 23093154

हिन्दी अनुभाग
गृह मंत्रालय
नॉर्थ ब्लॉक

K/A US. UTS-II.
23094301

(6)

दि: ५ नवंबर २०१३

प्रति,
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम २००५ के अधीन सूचना पाने हेतु आवेदन
संदर्भ: ऑनलाइन आरटीआई आवेदन क्र. MHOME/R/2013/60186 दिनांक ४ जुलाई २०१३

महोदय,

आपका ध्यान है कि चार महीने बाद भी आपके मंत्रालय ने उक्त आवेदन में माँगी गई सूचनाएँ प्रदान नहीं की हैं और मेरा आवेदन सामान्य प्रशासन का अवलोकन किए बिना ही राजभाषा विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया था और उसके बाद राजभाषा विभाग ने आवेदन मंत्रालय को वापस कर दिया था. मेरे आवेदन में स्पष्ट रूप से लिखा था कि सारे प्रश्न गृह मंत्रालय के मुख्यालय से सम्बंधित हैं. आपसे अनुरोध है कि उक्त ऑनलाइन आरटीआई आवेदन क्र. MHOME/R/2013/60186 दिनांक ४ जुलाई २०१३ का शीघ्र निपटारा करवाएं और वांछित सूचनाएं उपलब्ध करवाएँ.

सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निम्नलिखित सूचनाएँ प्रदान करें, सारी सूचनाएँ केवल गृह मंत्रालय के मुख्यालय से सम्बंधित हैं इसलिए अनुरोध है कि मेरे आवेदन को मुख्यालय के बाहर हस्तांतरित ना किया जाए:

1. प्रधानमंत्री कार्यालय का आदेश 27 अगस्त 1999, राजभाषा विभाग का निदेश 22 सितम्बर 1999 एवं संसदीय राजभाषा समिति की संस्तुतियों पर राष्ट्रपति महोदय के आदेश वर्ष 2008 में भारत सरकार की वेबसाइटों को द्विभाषी बनाये जाने के लिए कहा गया है और हर वर्ष राजभाषा विभाग वार्षिक कार्यक्रम में भी निदेश देता है. फिर भी गृह मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट अंग्रेजी अलग बनाई है और हिंदी में अलग बनाई है. साथ ही गृह मंत्रालय ने भारत के परम पावन संविधान के प्रावधानों के विपरीत अंग्रेजी वेबसाइट को प्राथमिकता दी है, अंग्रेजी वेबसाइट पहले खुलती है, अंग्रेजी वेबसाइट हमेशा पहले अद्यतित की जाती है जबकि हिन्दी वेबसाइट की उपेक्षा की जाती है. गृह मंत्रालय अपनी मुख्य वेबसाइट को पत्र सूचना कार्यालय की तरह एक साथ दोनों भाषाओं को प्रदर्शित करने वाली द्विभाषी वेबसाइट के रूप में कब आरम्भ करेगा? (जिसमें हिन्दी को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसके लिए संविधान ने अनुच्छेद-३४३ में भारत सरकार को स्पष्ट निर्देशित किया है.)
2. राजभाषा विभाग के १९९१ के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार स्पष्ट निर्देश जारी किया गया है कि हिन्दी का प्रयोग हमेशा अंग्रेजी से पहले/आगे/ऊपर किया जाएगा जबकि अभी वेबसाइट पर अंग्रेजी को प्राथमिकता, पहले खुलने की व्यवस्था की गई है, इसलिए बताएं कि कितने वर्षों में गृह मंत्रालय की मुख्य वेबसाइट पीआईबी के जैसी 100% द्विभाषी रूप में तैयार कर ली जाएगी, जिसमें हिन्दी पाठ्य सामग्री में हिन्दी फाइलें (पीडीएफ अथवा वर्ड) ही अपलोड की जाएँगी?
3. गृह मंत्रालय की मुख्य वेबसाइट के हिन्दी पृष्ठों पर भी अन्य अंग्रेजी वेबसाइटों के लिंक डाले जाते हैं ना कि संबंधित हिन्दी वेबसाइट के लिंक, ऐसा किस नियम के अधीन किया जा रहा है? नियमानुसार हिन्दी पाठ्य के साथ हिन्दी वेबसाइटों को जोड़ा जाना चाहिए.
4. गृह मंत्रालय ने अपने मुख्यालय में राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियमावली एवं राजभाषा नीति के पालन के लिए क्या-२ विशेष कदम उठाये हैं?
5. गृह मंत्रालय के मुख्यालय से अधीनस्थ निकायों/ संस्थानों/कार्यालयों को पिछले दो वर्षों में राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियमावली एवं राजभाषा नीति के पालन के लिए क्या-२ विशेष निर्देश जारी किए गए?
6. गृह मंत्रालय के मुख्यालय की हिन्दी सलाहकार समिति एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठकें कब हुई थीं और अगली बैठकें कब होने वाली हैं?
7. गृह मंत्रालय के मुख्यालय में कितने अधिकारी और कार्मिक केवल अंग्रेजी में काम करते हैं?
8. गृह मंत्रालय के मुख्यालय में राजभाषा अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कितने अधिकारी नियुक्त किए गए हैं?

[illegible] मंत्रालय के मुख्यालय में वर्तमान में प्रयोग में लायी जा रही निम्नलिखित मदों में से कितनी द्विभाषी और कितनी केवल अंग्रेजी में बनायी गई हैं, अलग-२ संख्या बताएँ:

क. पत्र-शीर्ष,

ख. अधिकारियों के भेंट-पत्र (विजिटिंग कार्ड),

ग. लिफाफे,

घ. प्रवेश-पास,

ङ. रबर की मुहरें

च. अधिकारी नामपट्ट

छ. अधिकारी-कर्मचारी परिचय-पत्र

ज. फॉर्म/आवेदन-पत्रों के प्रारूप

झ. ऑनलाइन फॉर्म

10. गृह मंत्रालय के मुख्यालय में वर्तमान में कौन से कार्य मूल रूप से हिन्दी में किए जाते हैं, सूचित करें?

11. अप्रैल २०१३ से लेकर अक्तूबर २०१३ तक गृह मंत्रालय के मुख्यालय में द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत समाविष्ट जारी १) प्रतिवेदन, २) प्रशासनिक आदेश, ३) कार्यालयीन ज्ञापन, ४) परिपत्र, ५) सूचना, ६)अधिसूचना, तथा ७)एंट्री फॉर्म की अलग-२ कुल संख्या सूचित करें और यह भी सूचित करें कि इनमें से कितने द्विभाषी (हिंदी–अंग्रेजी) में जारी किए गए और कितने केवल अंग्रेजी में?

12. अप्रैल २०१३ से लेकर अक्तूबर २०१३ तक गृह मंत्रालय के मुख्यालय द्वारा निष्पादित संविदाओं और करारों, अनुज्ञापत्रों और निविदा-प्रपत्रों की अलग-२ कुल संख्या सूचित करें और यह भी सूचित करें कि इनमें से कितने द्विभाषी (हिंदी–अंग्रेजी) में तैयार किए गए और कितने केवल अंग्रेजी में?

13. गृह मंत्रालय के मुख्यालय द्वारा पिछले दो वर्षों में कब-२ राजभाषा अनुपालन की त्रैमासिक रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भेजी गई?

14. गृह मंत्रालय के मुख्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्तियाँ मूल रूप से किस भाषा में लिखी जाती हैं और उसका अनुवाद किस भाषा में किया जाता है?

15. गृह मंत्रालय के मुख्यालय द्वारा हिन्दी प्रेस विज्ञप्तियाँ किस किस को भेजी जाती हैं?

16. गृह मंत्रालय के कई अधीनस्थ कार्यालयों/ब्यूरो/आयोगों/संस्थानों आदि ने अपने प्रतीक चिह्न (लोगो) एवं वेबसाइटें राजभाषा सम्बन्धी [illegible] की अवहेलना करते हुए अब तक केवल अंग्रेजी में ही बनाई हैं, इसके सम्बन्ध में गृह मंत्रालय के किस अधिकारी को शिकायत की जानी चाहिए?

आवेदक

प्रवीण जैन
फ. १०१, ... सोसाइटी
सेक्टर ९ए, वाशी
नवी मुंबई - ४००७०३

टीप: आवेदन शुल्क १० रुपये का ऑनलाइन भुगतान